NT>
Title: Need to take stringent security steps to safeguard the sea-coast in Gujarat.

श्रीमती भावना देवराजभाई चिखलिया (जूनागढ़) : पाकिस्तानी संस्था आई.एस.आई. के नापाक इरादों को देखते हुए हमारे देश की सीमा सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा राजस्थान में फेंसिंग का कार्य हो रहा है और गुजरात में भी फेंसिंग के कार्य के लिए विचार हो रहा है, लेकिन गुजरात में तटवर्ती क्षेत्र सुरक्षा की दृष्टि से आज भी असुरक्षित है।

अतः मेरा केन्द्र सकरकार से आग्रह है किः-

(क) तटवर्ती क्षेत्र का पैट्रोलिंग कोस्ट गार्ड को सौंपा जाए।

(ख) राज्य सरकार द्वारा संयुक्त पैट्रोलिंग के खर्च को केन्द्र सरकार

द्वारा रिम्बर्स किया जाए।

(ग) संयुक्त तटवर्ती पैट्रोलिंग के लिए हाई स्पीड बोट की सुविधा दी जाए।

गुजरात की तटवर्ती सुरक्षा के बारे में केन्द्र सरकार के माननीय गृहमंत्री को एक मेमोरेंडम दिनांक २.४.१९९८ को दिया गया था और दिनांक १६.१०.१९९८ को मुख्य मंत्री जी ने एक पत्र भी दिया है।

मेरा केन्द्र सरकार से आग्रह है कि गुजरात में तटवर्तीय क्षेत्र की सुरक्षा के बारे में तत्काल निर्णय करें।